<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–16 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केन्द्रीय बजट के जरिये देश के विकसित राष्ट्र बनने की संभावनाओं पर दिया जोर। कहा–भारत के विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है केंद्रीय बजट।
- प्रधानमंत्री ने कहा– केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा शहरी चुनौती कोष को स्वीकृति से उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना का होगा निर्माण और शहर बनेंगे देश के आर्थिक विकास के प्रमुख प्रेरक।
- लखनऊ मेट्रो की ओर से आज से हो रही है क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली की लांचिंग। अब घर बैठे भी मेट्रो का टिकट बुक कर सकेंगे यात्री।
- बांदा में तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव शुरू। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का किया जा रहा है प्रदर्शन।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इस वर्ष का केंद्रीय बजट भारत की विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा को दर्शाता है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में श्री मोदी ने कहा कि बजट 'अभी नहीं तो कभी नहीं' जैसा मजबूरी में लिया गया निर्णय नहीं, बल्कि तैयारी और प्रेरणा से उपजा 'हम तैयार हैं' वाला पल है। एक रिपोर्ट–

**प्रधानमंत्री ने अगले दशक के लिए तीन प्रमुख सुधार प्राथमिकताएँ भी बताईं। उन्होंने शासन प्रणाली को आसान बनाने, संरचनात्मक सुधारों और गहन नवाचार पर बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार की "रिफॉर्म एक्सप्रेस" आम नागरिकों को बड़े पैमाने पर लाभ पहुँचा रही है। श्री मोदी ने रक्षा बजट में बढ़ोतरी का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में एक दशक के सुधारों के लाभ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। उन्होंने बल देकर कहा कि सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को हर समय तैयार रहना होगा और वैश्विक मंच पर बढ़ती भूमिका को देखते हुए देश का रक्षा क्षेत्र आधुनिक होना आवश्यक है। श्री मोदी ने महिला सशक्तिकरण को लेकर भी विचार रखें। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि सरकार की विभिन्न पहलें महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में अगली छलांग निजी क्षेत्र द्वारा नवाचार, दीर्घकालिक क्षमता निर्माण और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में साहसिक निवेश पर निर्भर करेगी। समाचार कक्ष से वेद प्रकाश पाठक।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक लाख करोड़ रुपये के शहरी चुनौती कोष–यूसीएफ को स्वीकृति दिए जाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल की सराहना भी की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह कोष उच्च गुणवत्ता वाली शहरी अवसंरचना प्रदान करने के लिए बाजार वित्त, निजी भागीदारी और नागरिक केंद्रित सुधारों का उपयोग करेगा। एक रिपोर्ट–

**शहरी चुनौती कोष गृह और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक केंद्र प्रायोजित संयुक्त योजना है। इसमें केंद्र की ओर से कुल एक लाख करोड़ रुपये की सहायता राशि दी जाएगी। इस कोष का उद्देश्य लचीले, उत्पादक, समावेशी और जलवायु के प्रति संवेदनशील शहरों का निर्माण करना है, ताकि उन्हें देश के आर्थिक विकास के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। इससे परियोजनाओं को ऋण योग्य बनाकर ऋणदाताओं और निजी भागीदारों के लिए जोखिम को कम करके निजी पूंजी को आकर्षित करना है। यह कोष परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक का सहयोग देगा। बशर्ते की परियोजना लागत का न्यूनतम 50 प्रतिशत बाजार से जुटाया जाए, जिससे निजी भागीदारी के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त हो। यह कोष वित्त वर्ष 2025–26 से 2030–31 तक काम करेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033–34 तक बढ़ाया जा सकता है। समाचार कक्ष से मैं मनोज।**

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पांच दिन तक चलने वाले 'इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो' का उद्घाटन करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के व्यवहारिक उपयोग का प्रदर्शन किया जाएगा और इसमें करीब बीस देशों के नेता भाग लेंगे। एक रिपोर्ट–

**इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट तीन मूलभूत स्तंभों या सूत्रों पर आधारित है, लोग, पृथ्वी और प्रगति, ये तीनों मिलकर एआई पर वैश्विक सहयोग की दिशा तय करते हैं। सम्मेलन की चर्चाएँ सात चक्रों या कार्य समूहों में आयोजित की गई हैं। ये चक्र मानव संसाधन, समावेशन, भरोसेमंद एआई, विज्ञान, स्थिरता, एआई संसाधनों तक पहुंच और आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। इस सम्मेलन में सौ से अधिक देश सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं और दो लाख से ज्यादा लोगों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवाया है। यह सम्मेलन वैश्विक एआई एजेंडा तय करने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करता है और भारत को एआई के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच और भागीदार के रूप में स्थापित करता है। यह साझा मानकों, सहयोगी ढांचे और जनहित में बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधानों को बढ़ावा देता है। यह सम्मेलन केवल चर्चा तक सीमित नहीं है, बल्कि जिम्मेदार, समावेशी और विकास–केंद्रित एआई के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुपर्णा सैकिया के साथ अमन यादव नई दिल्ली।**

**********

लखनऊ मेट्रो की ओर से आज से क्यूआर आधारित टिकटिंग प्रणाली लांच कर दी जाएगी। यह सुविधा शुरू होने से यात्री घर बैठे भी टिकट बुक कर सकेंगे। लखनऊ मेट्रो के प्रवक्ता ने बताया कि यात्री लखनऊ मेट्रो के आधिकारिक मोबाइल ऐप, टिकट वेंडिंग मशीन और टिकट काउंटर के माध्यम से क्यूआर टिकट आसानी से बुक कर सकेंगे। नयी व्यवस्था लागू होने के बाद भी टोकन वाले टिकट स्टेशन पर उपलब्ध रहेंगे।

**********

देवाधिदेव महादेव की आराधना का पर्व महाशिवरात्रि प्रदेश भर में कल श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या सहित प्रदेश भर के शिव मंदिरों में हर–हर महादेव की गूंज के साथ श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व के साथ माघ मेले का भी कल औपचारिक समापन हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि 'महाशिवरात्रि' के पावन अवसर और माघ मेला के अंतिम स्नान पर्व पर तीर्थराज प्रयाग में कल चालीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई।

**********

प्रदेश के आठ जिलों में आज से अटठाइस फरवरी तक भारत–नेपाल मैत्री महोत्सव–दो हजार छब्बीस आयोजित किया जायेगा। इस महोत्सव की शुरूआत आज और कल कुशीनगर से होगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह महोत्सव दोनों देशों की साझा विरासत, परंपराओं और आपसी भाईचारे को मंच देने का काम करेगा। महोत्सव के मुख्य आकर्षणों में सांस्कृतिक शोभा यात्रा, कवि सम्मेलन और संगोष्ठी शामिल हैं। इसके साथ ही 'एक जनपद एक उत्पाद' की प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

**********

बांदा जिले में तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव का कल से आगाज हो गया । प्रदेश के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के धार्मिक पर्यटक स्थलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में आयोजित यह महोत्सव कल तक चलेगा। इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा थीम पर आधारित इस महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत, लोक परम्पराओं और कलात्मक उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया जा रहा है।

**********

केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल ने कल आगरा में स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिये आयोजित प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री बघेल ने बताया कि जिले के एक हजार से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को खानपान की वस्तुओं को साफ–सफाई के साथ बिना किसी मिलावट के तैयार करने और ग्राहकों के साथ सौम्य व्यवहार करने का प्रशिक्षण देकर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को सम्मनित भी किया गया।

**भारत सरकार और राज्य सरकार के द्वारा स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यशाला यहां चलाई गई है जिसमें स्ट्रीट फूड वेंडर्स को किस प्रकार से व्यक्तिगत सफाई, नहाना, नाखून काटना, कैप लगाना, दस्ताने पहनना, एप्रिन पहनना, डस्टबिन रखना, ताजा भोजन बनाना, पानी अच्छा इस्तेमाल करना, हाथों को धोना, सैनिटाइज करना, किस प्रकार से हाइजीनिक और अनहाइजीनिक का अंतर यह सब बताया है। इससे इनको भी लाभ होगा और उपभोक्ताओं को भी लाभ होगा।**

**********

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल और परसों कहीं कहीं बहुत हल्की से लेकर हल्की वर्षा की भी संभावना है।

**********